पटना जिलान्तर्गत विश्वेश्वरैया भवन, पटना के द्वितीय एवं तृतीय तल स्थित परिवहन विभाग (मुख्यालय) के कार्यालय भवन का जीर्णोद्वार कार्य हेतु दिनांक 13.10.2018 को प्राप्त ई0 पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 30.11.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति:-

1. श्री **अमित कुमार**, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. श्री **उपेन्द्र नारायण**, अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. श्री **रवि शंकर चौधरी**, संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. श्री **राकेश कुमार**, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. श्री **तपेश्वर प्रसाद साह**, महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. श्री **रंजित प्र0 सिंह**, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

कार्यवाही:-

**1.योजना का नाम:-** पटना जिलान्तर्गत विश्वेश्वरैया भवन, पटना के द्वितीय एवं तृतीय तल स्थित परिवहन विभाग (मुख्यालय) के कार्यालय भवन का जीर्णोद्वार कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹390.31 लाख |
| **3.पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹263.42 लाख |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹2,46,18,574/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 13.10.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 15.10.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 31.08.18 एवं आवश्यक सूचना प्रभात खबर दिनांक 12.09.2018 एवं हिन्दुस्तान दिनांक 25.09.2018 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 7607 (Ni.Ni) 2018-19 एवं आवश्यक सूचना 8232(Ni.Ni) 2018-19 एवं 9052 (Ni.Ni) 2018-19 |

**10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-**

(i) जी-टेक कंस्ट्रक्शन एण्ड फेबरीकेटर्स, द्वितीय गुलतेरा बाजार, बीहटा, पटना
(ii) राजीव कुमार, ग्राम-मोहनपुर, पुनाईचक, पटना
(iii) यूफलीक्स इन्टरनेशनल, प्रा0 लि0, बी-57, ग्राउन्ड फ्लोर, सेक्टर-6, नोएडा
(iv) राजीव कुमार, न्यु पुरेन्द्रपुर, शिव मंदिर रोड, दो पुलवा, जक्कनपुर, पटना

**11. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-**

प्रथमवार आमंत्रित निविदा की स्थिति:- इस कार्य हेतु दिनांक 29.05.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी। उक्त निविदा मे एकमात्र निविदादाता "पंकज कुमार, के0-119, पी.सी. कॉलोनी, हनुमान नगर, काली मंदिर रोड, कंकड़बाग पटना-20" द्वारा भाग लिया गया था। तकनीकी मूल्यांकन समिति का दिनांक 04.06.2018 की बैठक में वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806/वि0, दिनांक 30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

द्वितीयवार आमंत्रित निविदा:- इस कार्य हेतु दिनांक 23.06.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी। उक्त निविदा में तीन निविदादाता "(i) मेसर्स राम प्रवेश सिंह (ii) पंकज कुमार (iii) शशिकांत सिंह, कंकड़बाग पटना-20" द्वारा भाग लिया था। उक्त कार्य की निविदा निगम का पत्रांक, 2186 दिनांक 23.07.2018 के द्वारा अपरिहार्य कारण वश रद्द कर दी गयी थी।

तृतीयवार आमंत्रित निविदा (वर्तमान):-इस निविदा मे चार निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी०आई०यू०, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया है, जिसका तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत है:-

प्रथम निविदादाता ''जी-टेक कंस्ट्रक्शन एण्ड फेबरीकेटर्स, द्वितीय गुलतेरा बाजार, बीहटा, पटना'' के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा निबंधन कागजात जमा नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त एस०बी०डी० की कंडिका 4.5A(c), 4.5B(a), 4.5B(b), 4.3(j) एवं 4.2 के तहत Mandaoary कागजात संलग्न नहीं किया गया है अथवा Valid नहीं है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

द्वितीय निविदादाता ''राजीव कुमार, ग्राम-मोहनपुर, पुनाईचक, पटना'' के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस०बी०डी० की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड मे सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

तृतीय निविदादाता ''यूफलीक्स इन्टरनेशनल, प्रा० लि०, बी-57, ग्राउन्ड फ्लोर, सेक्टर-6, नोएडा'' के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस०बी०डी० की कंडिका 4.3(a), के तहत Power of Attorney of Signatory Bid का कागजात संलग्न नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त एस०बी०डी० की कंडिका 4.5A(d), 4.5A(c), 4.5B(a), 4.5B(b), एवं 4.7 के तहत Mandatory कागजात संलग्न नहीं किया गया है अथवा Valid नहीं है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

चतुर्थ निविदादाता ''राजीव कुमार, न्यु पुरेन्द्रपुर, शिव मंदिर रोड, दो पुलवा, जक्कनपुर, पटना'' के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस०बी०डी० की कंडिका 4.5A(c), 4.5A(b) एवं 4.2 के तहत Mandatory कागजात संलग्न नहीं किया गया है अथवा Valid नहीं है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

12. निगम निविदा समिति का निर्णय:-

चूँकि यह तृतीयवार आमंत्रित निविदा है। अत: वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक 30.09.2016 के आलोक समिति द्वारा तकनीकी मूल्यांकन समिति का दिनांक: 28.11.2018 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में समिति द्वारा एकमात्र निविदादाता ''राजीव कुमार, ग्राम-मोहनपुर, पुनाईचक, पटना'' को सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 08.12.2018 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुर्न समीक्षा हेतु तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकमात्र सफल निविदादाता का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 30.11.18<br>(रंजित प्र0 सिंह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | Tapeshwar 30.11.18<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 30.11.18<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 30/11/2018<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | 30.11.18<br>(उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 30/11/18<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |